सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यपरिषद् की बैठक

दिनांक - 23-12-2017
समय - अपराह्ण 01:00 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1- प्रो॰ यदुनाथ प्रसाद दुबे, कुलपति- अध्यक्ष

2- प्रो॰ व्यास मिश्र
3- प्रो॰ हेतराम कछवाह
4- प्रो॰ राजनाथ
5- प्रो॰ हरिशंकर पाण्डेय
6- डा॰ विजय कुमार पाण्डेय
7- डा॰ सूर्यकान्त
8- कुलसचिव - सचिव

मंगलाचरण- डा॰ विजय कुमार पाण्डेय

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

कार्यक्रम - 35वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मानद उपाधि एवं स्नातकों को उपाधि तथा पदक प्रदान करने की संस्तुति पर विचार।

कार्य परिषद् को सूचित किया गया कि 35वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सत्र 2016-2017 में उत्तीर्ण स्नातकों (स्नातक/स्नातकोत्तर) को उपाधि पत्र प्रदान किया जायेगा। अद्यतन उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या निम्न है, जिसमें कुछ परिवर्तन भी हो सकता है-

विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षान्त महोत्सव में उपाधि प्रदान किये जाने वाले छात्रों की कक्षावार संख्या		
1- स्नातक उपाधि		
क्रम सं.	**पाठ्यक्रम नाम**	**संख्या**
क.	शास्त्री संस्थागत	17,432
ख.	शास्त्री व्यक्तिगत	2,342
ग.	शास्त्री भूतपूर्व	02
ङ.	शास्त्र बैक/श्रेणीसुधार	107
च.	शिक्षाशास्त्री संस्थागत	287
छ.	शिक्षाशास्त्री भूतपूर्व	0
ज.	शिक्षाशास्त्री बैक/श्रेणीसुधार	0

झ.	आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) - (इण्टर्नशिप पूर्ण/आयुर्वेद महाविद्यालय से प्राप्त सूचना के आधार पर)	14
	योग	**20,184**
2- स्नातकोत्तर उपाधि		
क.	आचार्य संस्थागत	6,985
ख.	आचार्य व्यक्तिगत	1,113
ग.	आचार्य भूतपूर्व	02
घ.	आचार्य बैंक/श्रेणीसुधार	47
ङ.	एम.जे.एम.सी.	44
	योग	**8,191**
	सम्पूर्ण योग	**28,375**

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक दिनांक 22.12.2017 तक संस्तुत कुल 01 अनुसन्धाता को वाचस्पति (D.Litt.) एवं 19 अनुसंधाताओं को विद्यावारिधि (Ph.D.) की उपाधि दीक्षान्त समारोह पर प्रदान की जायेगी।

कार्यपरिषद् को यह भी सूचित किया गया कि विद्या परिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 23.12.2017 में सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण स्नातकों को उपाधि तथा मेधावी 33 छात्रों को 57 पदक प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की है।

विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 23.12.2017 की संस्तुति पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण स्तातको को उपाधि पत्र एवं 33 मेधावी छात्रों को 57 पदक प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन करने की घोषणा की।

कुलसचिवजी (माननीय कुलपति) ह. अनुमोदनार्थ
23/12/17

23/12/17
23.12.17

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि.,वाराणसी

E:\Word\kp\2017\23.12.2017